PHILIPS

Monitor

2000 Series

27E2N2500

HI

यूज़र मैनुअल

Register your product and get support at www.philips.com/welcome

वषिय सूची

1. महत्वपूर्ण 1
   - 1.1 सुरक्षा सावधानियाँ और रखरखाव 1
   - 1.2 सांकेतकि ववरिण 2
   - 1.3 उत्पाद और पैकगि सामग्री का नपिटान 3

2. मॉनटिर की सेटगि.....4
   - 2.1 संस्थापन..... 4
   - 2.2 मॉनीटर का संचालन करना 6
   - 2.3 बेस स्टैंड और बेस को हटाएँ 8

3. इमेज अनुकलन.....9
   - 3.1 SmartImage 9
   - 3.2 SmartContrast..... 10

4. Adaptive Sync 11

5. HDR 12

6. तकनीकी ववरिण 13
   - 6.1 रेज़ॉल्युशन एवं प्रीसेट मोड..... 15

7. ऊर्जा प्रबंधन.....16

8. ग्राहक सेवा और वारंटी 17
   - 8.1 Philips की फ़्लैट पैनल मॉनीटर पक्सिेल खराबी नीत. 17
   - 8.2 ग्राहक सेवा एवं वारंटी 20

9. त्रुटि निवारण और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न 21
   - 9.1 त्रुटि निवारण 21
   - 9.2 अक्सर पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्न..... 22

1. महत्वपूर्ण

यह इलेक्ट्रॉनिक उपयोगकर्ता गाइड किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए है जो Philips मॉनिटर का उपयोग करता है। अपने मॉनिटर का इस्तेमाल करने से पहले इस यूज़र मैनुअल को पढ़ने का समय निकालें। इसमें आपके मॉनिटर के प्रचालन के संबंध में ज़रूरी जानकारी और नोट्स मौजूद हैं।

Philips गारंटी तब लागू होती है यदि उत्पाद की देखभाल सही ढंग से की जाए और उसके प्रचालन संबंधी निर्देशों के अनुसार उसका इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए किया जाए जिसके लिए उसे बनाया गया है और मूल इनवॉयस या नकद पावती पेश की जाए, जिस पर खरीदारी की तिथि, डीलर का नाम और उत्पाद का मॉडल और उत्पादन नंबर मौजूद हो।

1.1 सुरक्षा सावधानियाँ और रखरखाव

⚠ चेतावनियाँ

इस दस्तावेज में निर्दिष्ट नियंत्रणों, समायोजन या प्रक्रियाओं के बजाय अन्यों का उपयोग करने के परिणामस्वरूप झटका लगने, बिजली का खतरा और/या यांत्रिक खतरा हो सकता है।

अपने कंप्यूटर मॉनीटर को कनेक्ट करते समय या उसका उपयोग करते समय इन निर्देशों को पढ़ें और उनका पालन करें।

संचालन

- कृपया मॉनीटर को सीधी धूप, बेहद तेज चमकदार रोशनी से दूर और किसी भी अन्य गर्म चीज से दूर रखें। अधिक समय तक इस तरह के माहौल के संपर्क में रहने का परिणाम मॉनीटर का रंग खराब होने और इसे नुकसान पहुंचने में हो सकता है।
- डिस्प्ले को तेल से दूर रखें। तेल से डिस्प्ले के प्लास्टिक कवर को नुकसान हो सकता है और वारंटी निरस्त हो सकती है।
- किसी भी ऐसी वस्तु को हटा दें तो वायु निकास मार्गों में गिर सकती है या मॉनिटर की इलेक्ट्रॉनिक्स को उचित रूप से ठंडा करने से रोक सकती है।
- कैबिनेट के वायु निकास मार्गों को बंद न करें।
- मॉनिटर को स्थापित करते समय, सुनिश्चित करें कि पावर प्लग और आउटलेट तक आसानी से पहुंचा जा सकता हो।
- यदि पावर केबल या डीसी पावर कॉर्ड को निकालकर मॉनिटर को ऑफ कर रहे हों, तो सामान्य प्रचालन के लिए पावर केबल या DC पावर कॉर्ड को जोड़ते समय 6 सेकेंड तक इंतजार करें।
- कृपया हर समय Philips द्वारा दिए गए अनुमोदित पावर कॉर्डों का ही इस्तेमाल करें। यदि आपकी पावर कॉर्ड गुम हो जाए, तो कृपया अपने स्थानीय सेवा केंद्र से संपर्क करें। (कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैनुअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें।)
- निर्दिष्ट बिजली की आपूर्ति के तहत काम करता है। केवल निर्दिष्ट बिजली आपूर्ति के साथ मॉनिटर का संचालन करना सुनिश्चित करें। गलत वोल्टेज के उपयोग से खराबी होगी और आग या बिजली का झटका लग सकता है।
- केबल की सुरक्षा करें। पावर केबल और सिग्नल केबल को न खींचे या न मोड़ें। मॉनिटर या किसी अन्य भारी वस्तु को केबलों पर न रखें, यदि क्षतिग्रस्त हो, तो केबल से आग या बिजली का झटका लग सकता है।
- प्रचालन के दौरान मॉनिटर को अत्यधिक कंपन से बचाएं या ऐसी स्थिति में न डालें जहां जोर का आघात लगने की संभावना हो।
- संभावित क्षति, उदाहरण के लिए बीज़ेल से पैनल का निकल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज्यादा नीचे न झुके। यदि झुकाने की -5 डिग्री की अधिकतम कोण सीमा पार होती है, तो मॉनीटर को होने वाली क्षति वारंटी में कवर नहीं होगी।
- प्रचालन के दौरान या परिवहन के दौरान मॉनिटर को चोट न लगने दें या गिरने न दें।
- मॉनीटर के अत्यधिक उपयोग के फलस्वरूप आंखों में पीड़ा हो सकती है, कार्यस्थल पर लंबे कार्य अवकाश कम लेने की बजाय छोटे अवकाश अधिक लेना बेहतर होता है; उदाहरण के लिए स्क्रीन के 50-60-मिनट के लगातार उपयोग के बाद 5-10 मिनट का अवकाश लेना प्रत्येक दो घंटे बाद 15-मिनट के अवकाश से बेहतर होता है। स्क्रीन के लगातार उपयोग के दौरान आँखों को तनाव से बचाने के लिए अपने आँखों के लिए निम्न आजमाएँ:
  - स्क्रीन पर लंबे समय तक फ़ोकस करने के बाद दूर स्थित किसी चीज को देखना।
  - कार्य के दौरान बीच-बीच में पलकें झपकाना।
  - आराम देने के लिए अपनी आँखों को बंद करना और धीरे-धीरे घुमाना।
  - अपने स्क्रीन को यथोचित ऊँचाई और कोण पर खिसकाएँ।
  - चमक और कंट्रास्ट को यथोचित स्तर पर समायोजित करें।
  - आस-पास के प्रकाश को अपने स्क्रीन की चमक के अनुसार समायोजित करें, फ़्लोरेसेंट प्रकाश और बहुत अधिक प्रकाश नहीं परावर्तित करने वाले फर्श से बचें।
  - यदि परेशानी हो तो डॉक्टर को दिखाएँ।

रखरखाव

- अपने मॉनिटर को संभावित नुकसान से बचाने के लिए, मॉनिटर पैनल पर अत्यधिक दबाव न डालें। अपने LCD को स्थानांतरित करते समय इसके फ्रेम को पकड़ें; LCD पैनल पर अपने हाथ या अँगुलियों को रखकर मॉनिटर को न उठाएं।
- तेल आधारित सफ़ाई घोल प्लास्टिक वाले हिस्सों को नुकसान पहुँचा सकते हैं और वारंटी निरस्त हो सकती है।
- यदि आप मॉनिटर का लंबे समय तक उपयोग न करने वाले हों तो उसका प्लग निकाल दें।

- यदि मॉनिटर को हल्के गीले कपड़े से पोंछना हो तो उसका प्लग निकाल दें। पावर ऑफ होने पर स्क्रीन को सूखे कपड़े से पोंछा जा सकता है। हालांकि, मॉनिटर को साफ करने के लिए कभी भी अल्कोहल, या अमोनिया-आधारित द्रवों जैसे ऑरगेनिक सॉल्वेंट का इस्तेमाल न करें।
- सेट को आघात लगने या स्थाई क्षति होने का जोखिम कम करने के लिए, मॉनिटर को धूल, वर्षा, पानी, या अत्यधिक नमी वाले परिवेश के संपर्क में न लाएं।
- यदि मॉनिटर गीला हो जाए तो जितनी जल्दी संभव हो उसे सूखे कपड़े से पोंछें।
- यदि आपके मॉनिटर में कोई बाहरी पदार्थ या पानी घुस जाए, तो कृपया तुरंत पावर ऑफ कर दें और पावर कॉर्ड को डिस्कनेक्ट कर दें। इसके बाद, बाहरी पदार्थ या पानी को निकालें, और मॉनिटर को रखरखाव केंद्र को भेज दें।
- मॉनिटर का भंडारण या उसका इस्तेमाल ऐसी जगहों पर न करें जहां गर्मी, सीधी धूप या अत्यधिक ठंड से उसका संपर्क हो।
- अपने मॉनिटर का सर्वोत्तम प्रदर्शन बनाए रखने के लिए और लंबे समय तक उसका इस्तेमाल करने के लिए, कृपया मॉनिटर का इस्तेमाल ऐसी जगह पर करें जहां तापमान और आर्द्रता निम्नलिखित रेंज में हो।
  - तापमान: 0°C~40°C 32°F~104°F
  - आर्द्रता: 20% RH~80% RH

बर्न-इन/घोस्ट इमेज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

- जब कभी आप अपने मॉनिटर को चलता हुआ छोड़कर जाएं तो कोई गतिमान स्क्रीन सेवर प्रोग्राम सक्रिय कर दें। यदि आपका मॉनिटर अपरिवर्तनीय स्थिर सामग्री प्रदर्शित कर रहा हो तो स्क्रीन को समय-समय पर रिफ्रेश करने वाला अनुप्रयोग चलाएं। स्थिर या ठहरे हुए चित्र का लंबे समय तक अबाधित प्रदर्शन करने से आपकी स्क्रीन पर ''बर्न इन'', जिसे ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' भी कहा जाता है, हो सकता है।
- ''बर्न-इन'', ''आफ्टर-इमेजिंग'', या ''घोस्ट इमेजिंग'' रूष्ठ पैनल प्रौद्योगिकी की एक सुपरिचित घटना है। ज्यादातर मामलों में, पावर स्विच-ऑफ कर देने के बाद कुछ समय में ''बर्न-इन'' या ''आफ्टर-इमेजिंग'' या ''घोस्ट इमेजिंग'' धीरे-धीरे गायब हो जाएगा।

चेतावनियाँ

एक स्क्रीन सेवर को सक्रिय करने में वफिल या पीरियडकि स्क्रीन रफ्रिेश एप्लीकेशन सर्वर में "बर्न-इन" या" आफ्टर – इमेज" या "घोस्ट इमेज" लक्षण नतीजे में मलिते हैं जो गायब नहीं हो सकते हैं और जनिहें सुधारा नहीं जा सकता। उपर्युक्त उल्लखिति क्षतआिपकी वारंटी के अधीन नहीं आती है।

सेवा

- केसगि कवर को केवल योग्य सेवा कर्मी द्वारा ही खोला जाना चाहिए।
- यदमिरम्मत करने या एकीकरण करने के लिए कसिी दस्तावेज की जरूरत पड़ती है, तो कृपया अपने स्थानीय सेवा केंद्र से संपर्क करें। (कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें)
- परविहन जानकारी के लिए, कृपया "तकनीकी वनिर्दिेश" दखें।
- अपने मॉनीटर को कार/ट्रक के अंदर सीधी धूप में नहीं छोड़ें।

नोट

यदमिॉनीटर सामान्य रूप से संचालति नहीं होता है या यदआिप इस मैन्युअल में दए गए संचालन नर्दिेशों का पालन करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रयिा के बारे में सुनश्चिति नहीं हैं तो सेवा तकनीशयिन से परामर्श करें।

1.2 सांकेतकि ववरिण

नम्निलखिति उपखंड इस दस्तावेज में उपयोग हुए सांकेतकि परपिाटयिों का वर्णन करते हैं।

नोट, सावधानी और चेतावनी

इस पूरी मार्गदर्शकिा में, पाठ के खंडों के साथ एक आइकन दखिाई दे सकता है और वे मोटे अक्षरों या इटैलकि में मुद्रति हो सकते हैं। इन खंडों में नोट, सावधानयिाँ या चेतावनयिाँ शामलि होती हैं। उनका उपयोग नम्निलखिति तरीके से होता है:

नोट

यह आइकन वह महत्वपूर्ण जानकारी और युक्तप्रिदान करता है जो आपको कंप्यूटर सस्टिम का बेहतर उपयोग करने में मदद करती है।

सावधानी

यह आइकन वह जानकारी प्रदान करता है जो आपको हार्डवेयर की संभावति क्षतयिा डेटा खोने से बचने के तरीके के बारे में बताती है।

चेतावनियाँ

यह आइकन शारीरकि नुकसान की संभावना की ओर इशारा करता है और आपको समस्या से बचने का तरीका बताता है।

कुछ चेतावनयिाँ वैकल्पकि प्रारूप में दखिाई दे सकती हैं और संभवतः कसिी आइकन के साथ न हों। ऐसे मामलों में, प्रासंगकि नयिामक प्राधकिरण द्वारा चेतावनी की वशिष्टि प्रस्तुतका आदेश दयिा जाता है।

1.3 उत्पाद और पैकगि सामग्री का नपिटान

अपशष्टि इलेक्ट्रकिल और इलेक्ट्रॉनकि उपकरण-WEEE

This marking on the product or on its packaging illustrates that, under European Directive 2012/19/EU governing used electrical and electronic appliances, this product may not be disposed of with normal household waste. You are responsible for disposal of this equipment through a designated waste electrical and electronic equipment collection. To determine the locations for dropping off such waste electrical and electronic, contact your local government office, the waste disposal organization that serves your household or the store at which you purchased the product.

Your new monitor contains materials that can be recycled and reused. Specialized companies can recycle your product to increase the amount of reusable materials and to minimize the amount to be disposed of.

All redundant packing material has been omitted. We have done our utmost to make the packaging easily separable into mono materials.

Please find out about the local regulations on how to dispose of your old monitor and packing from your sales representative.

Taking back/Recycling Information for Customers

Philips establishes technically and economically viable objectives to optimize the environmental performance of the organization's product, service and activities.

From the planning, design and production stages, Philips emphasizes the important of making products that can easily be recycled. At Philips, end-of-life management primarily entails participation in national take-back initiatives and recycling programs whenever possible, preferably in cooperation with competitors, which recycle all materials (products and related packaging material) in accordance with all Environmental Laws and taking back program with the contractor company.

Your display is manufactured with high quality materials and components which can be recycled and reused.

To learn more about our recycling program please visit

http://www.philips.com/a-w/about/sustainability.html

2. मॉनटिर की सेटगि

2.1 संस्थापन

1 पैकेज की सामग्री

AC/DC Adapter
(China Only)

AC/DC Adapter
(Worldwide)

*HDMI

*DP

* क्षेत्र के अनुसार अलग अलग.

नोट

केवल चीन:

केवल AC/DC एडेप्टर मॉडल का उपयोग करें: Philips 380GL D19845TFPH000(S036AQC1900180).

वशि्वव्यापी:

केवल AC/DC एडेप्टर मॉडल का उपयोग करें: Philips 380GL A19840P003800(ADPC1938EX).

2 आधार स्टैंड लगाएँ

1. मॉनिटर का आगे का हिस्सा नीचे करके उसे किसी मुलायम और समतल सतह पर रखें और ध्यान दें कि स्क्रीन पर खरोंच न आए या उसे क्षति न पहुंचे। आधार स्तंभ को क्लकि आवाज के



2. मॉनिटर बेस को दोनों हाथों से पकड़ें और बेस स्टैंड को मजबूती से बेस कॉलम के अंदर डाल दें।



चेतावनियाँ

मॉनिटर का आगे का हिस्सा नीचे करके उसे किसी मुलायम और समतल सतह पर रखें और ध्यान दें कि स्क्रीन पर खरोंच न आए या उसे क्षति न पहुंचे

3 अपने पीसी से कनेक्ट करना

Worldwide



China Only



1. AC/DC पॉवर नविश
2. DisplayPort इनपुट
3. HDMI इनपुट
4. केनगि्स्टन चोरी रोकने वाला ताला

पीसी से कनेक्ट करना

1. पावर कोर्ड को मॉनीटर के पीछे की तरफ अच्छी तरह से कनेक्ट कर दें।
2. अपने कंप्यूटर को ऑफ़ करें और उसके पावर केबल को नकिाल दें।
3. मॉनीटर सगि्नल केबल को अपने कंप्यूटर के पीछे की तरफ वीडयिो कनेक्टर से कनेक्ट कर दें।
4. अपने कंप्यूटर और अपने मॉनीटर का पावर कोर्ड समीप के आउटलेट में लगाएँ।
5. अपने कंप्यूटर और मॉनीटर को ऑन करें। यदि मॉनीटर कोई छवि प्रदर्शति करता है, तो इंस्टॉलेशन पूरा हो गया है।

2.2 मॉनीटर का संचालन करना

1 उत्पाद के सामने के दृश्य का वविरण



1	⏻	मॉनीटर का पावर चालू और बंद करें।
2	/OK	OSD मेन्यू तक पहुंच बनाएं। ओएसडी एडजस्टमेंट होने की पुष्टि करें।
3	▲ ▼	OSD मेन्यू को समायोजित करें।
4	☼	ब्राइटनेस स्तर को एडजस्ट करें।
5	⊕	सिग्नल इनपुट स्रोत को बदलें।
6	◀	पिछले OSD स्तर पर वापस लौटें।
7		एकाधकि चयन हैं: FPS, रेसगि, RTS, गेमर 1, गेमर 2, LowBlue मोड , EasyRead, और बंदो जब मॉनीटर को HDR सग्निल प्राप्त होता है, तो SmartImage HDR मेनू प्रदर्शति करेगा। अनेक चयन उपलब्ध हैं: HDR Vivid, HDR मूवी, नजिी, और बंद।

2 स्क्रीन स्थति प्रदर्शन का वविरण

स्क्रीन-स्थति प्रदर्शन (OSD) क्या है?

स्क्रीन-स्थति प्रदर्शन (OSD) सभी Philips LCD मॉनीटर में पाई जाने वाली एक सुवधिा है। यह अंतमि उपयोगकर्ता को सीधे स्क्रीन-स्थति नर्दिेशों के माध्यम से स्क्रीन प्रदर्शन समायोजति करने देता है या मॉनीटर के फ़ंक्शन चुनने देता है। एक उपयोगकर्ता अनुकूल स्क्रीन स्थति डसि्प्ले इंटरफेस नीचे प्रदर्शति है:



कंट्रोल कुंजयिों पर बुनयिादी और सरल नर्दिेश

ऊपर दर्शाए गए OSD में, कर्सर को इधर-उधर ले जाने के लिए आप मॉनीटर के फ्रंट बेज़ेल पर स्थित ▼▲ बटनों को दबा सकते हैं, और चयन या बदलाव की पुष्टि के लिए OK बटन को दबाएं।

OSD मेनू

नीचे स्क्रीन-स्थति प्रदर्शन की संरचना का समग्र दृश्य दखिाया गया है। आप बाद में जब अपनी इच्छानुसार समायोजन करना चाहते हैं तो आप इसका उपयोग संदर्भ के रूप में कर सकते हैं।

- Main menu
  - LowBlue Mode
    - On
    - Off
  - Input
    - HDMI 2.0
    - DisplayPort
    - Auto
  - Picture
    - SmartImage
    - SmartImage HDR
    - Picture Format
    - Brightness
    - Contrast
    - Sharpness
    - SmartContrast
    - Gamma
    - Pixel Orbiting
    - Over Scan
  - Game Setting
    - Adaptive Sync
    - MPRT
    - MPRT Level
    - SmartResponse
    - SmartFrame
  - Color
    - Color Temperature
    - sRGB
    - User Define
  - Language
  - OSD Setting
    - Horizontal
    - Vertical
    - Transparency
    - OSD Time Out
  - Setup
    - Power LED
    - Resolution Notification
    - Reset
    - Information

- Sub menu
  - On, Off
  - 1, 2, 3, 4
  - On, Off
  - FPS, Racing, RTS, Gamer1, Gamer2, LowBlue Mode, EasyRead, Off
  - HDR Vivid, HDR Movie, Personal, Off
  - Wide Screen, 4:3
  - 0-100
  - 0-100
  - 0-100
  - On, Off
  - 1.8, 2.0, 2.2, 2.4, 2.6
  - On, Off
  - On, Off
  - On, Off
  - On, Off
  - On, Off
  - 0-20
  - Off, Fast , Faster, Fastest
  - On, Off
  - Size (1,2,3,4,5,6,7)
  - Brightness (0-100)
  - Contrast(0-100)
  - H. Position
  - V. Position
  - Native, 5000K, 6500K, 7500K, 8200K, 9300K, 11500K
  - Red: 0-100
  - Green: 0-100
  - Blue: 0-100
  - English, Deutsch, Español, Ελληνική, Français, Italiano, Magyar, Nederlands, Português, Português do Brasil, Polski, Русский, Svenska, Suomi, Türkçe, Čeština, Українська, 简体中文, 繁體中文, 日本語, 한국어
  - 0-100
  - 0-100
  - Off, 1, 2, 3, 4
  - 5s, 10s, 20s, 30s, 60s
  - 0, 1, 2, 3, 4
  - On, Off
  - Yes, No

3 रेज़ॉल्युशन सूचना

यह मॉनीटर अपने मूल रेज़ॉल्युशन, 2560 x 1440 पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया है। जब विभिन्न रेज़ॉल्युशन पर मॉनीटर का पावर ऑन किया जाता है, तो स्क्रीन पर एक अलर्ट प्रदर्शित होता है: सर्वश्रेष्ठ परिणामों के लिए 2560 x 1440 का उपयोग करें।

मूल रेज़ॉल्युशन अलर्ट का डिस्प्ले OSD (स्क्रीन स्थिति डिस्प्ले) मेनू में सेटअप से बंद किया जा सकता है।

4 वास्तविक फ़ंक्शन

झुकाना



चेतावनी

- स्क्रीन की संभावित क्षति, जैसे कि पैनल का निकल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज़्यादा नीचे न झुके।
- मॉनीटर का कोण एडजस्ट करते समय स्क्रीन को न दबाएँ। केवल बीज़ेल को पकड़ें।

२.३ बेस स्टैंड और बेस को हटाएँ

मॉनीटर के आधार को खोलना आरंभ करने से पहले, किसी भी संभावित नुकसान या चोट से बचने के लिए कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

1. मॉनिटर के आगे का हिस्सा नीचे करके उसे किसी सपाट सतह पर रखें, यह ध्यान देते हुए कि स्क्रीन में खरोंच न आए या उसे क्षति न पहुंचे।



2. बेस कॉलम को अलग करने के लिए रिलीज बटन दबाएं।



नोट

यह मॉनीटर 100mm x 100mm VESA-अनुवर्ती माउंटिंग इंटरफ़ेस स्वीकार करता है। VESA माउंटिंग स्क्रू M4। वॉल माउंट इंस्टॉलेशन के लिए हमेशा निर्माता से संपर्क करें।





*** डिस्प्ले की डिज़ाइन चित्र में दिखाई गई डिज़ाइन से अलग हो सकती है।**

चेतावनी

- स्क्रीन की संभावित क्षति, जैसे कि पैनल का निकल जाना, से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि मॉनीटर -5 डिग्री से ज़्यादा नीचे न झुके।
- मॉनीटर का कोण एडजस्ट करते समय स्क्रीन को न दबाएँ। केवल बीज़ेल को पकड़ें।

3. इमेज अनुकलन

3.1 SmartImage

1 यह क्या है?

SmartImage प्रीसेट प्रदान करता है जो चमक, कंट्रास्ट, रंग और सूपष्टता को डायनेमकि रूप से समायोजति करके वभिन्नि प्रकार की सामग्रयिों के डसि्प्ले को अनुकूलति करता है। चाहे आप पाठ एप्लकिेशन के साथ काय्र कर रहे हों, छवयिाँ प्रदर्शति कर रहे हों या वीडयिो देख रहे हों, Philips SmartImage शानदार रूप से अनुकूलति मॉनीटर प्रदर्शन प्रदान करता है।

2 मुझे इसकी जरुरत क्यों है?

आप एक ऐसा मॉनीटर चाहते हैं जो आपकी सभी पसंदीदा सामग्रयिों के लिए अनुकूलति डसि्प्ले प्रदान करे, SmartImage सॉफ़्टवेयर आपके मॉनीटर देखने के अनुभव को बेहतर करने के लिए चमक, कंट्रास्ट, रंग और सूपष्टता को रयिल टाइम में डायनेमकि रूप से समायोजति करता है।

3 यह कैसे काय्र करता है?

SmartImage एक वशिषि्ट, अग्रणी Philips तकनीक है जो आपके सक्रीन पर प्रदर्शति सामग्री का वशि्लेषण करती है। आपके चयनति परदि्शय् के आधार पर, SmartImage प्रदर्शति हो रही सामग्री को बेहतर करने के लिए छवयिों के कंट्रास्ट, रंग संतृपि्त और सूपष्टता को डायनेमकि रूप से बेहतर बनाता है – यह सब केवल एक बटन दबाने पर रयिल टाइम में हो जाता है।

4 SmartImage कैसे सक्षम करें?



1. स्क्रीन डिस्प्ले पर SmartImage को लांच करने के लिए दबाएं।
2. FPS, रेसगि, RTS, गेमर 1, गेमर 2, LowBlue मोड , EasyRead, और बंद, बंद के बीच परिवर्तन करने के लिए ▼▲ दबाते रहें।
3. SmartImage ऑन सक्रीन डसिप्ले 5 सेकंड तक सक्रीन पर रहेगा या आप पुषि्ट करने के लिए "ओके" पर क्लकि कर सकते हैं।

एकाधकि चयन हैं: FPS, रेसगि, RTS, गेमर 1, गेमर 2, LowBlue मोड , EasyRead, और बंद।



- **FPS:** FPS (फ़र्स्ट पर्सन शूटर्स) गेम चलाने के लिए। गहरे थीम के काले सूतर के वविरण को बेहतर करता है।
- रेसगि **(Racing):** रेसगि गेम खेलने के लिए। सबसे तेज प्रतक्रियिा समय और उच्च रंग संतृपि्त प्रदान करता है।
- **RTS**: RTS (रयिल टाइम सट्रेटेजी) गेम खेलने के लिए, RTS गेम के लिए उपयोगकर्ता चयनति हस्सिा (SmartFrame के माध्यम से) हाइलाइट कयिा जा सकता है।
- गेमर **1 (Gamer 1):** उपयोगकर्ता की प्राथमकिता सेटगि गेमर 1 के रूप में सहेजी जाती है।
- गेमर **2 (Gamer 2):** उपयोगकर्ता की प्राथमकिता सेटगि गेमर 2 के रूप में सहेजी जाती है।
- **LowBlue** मोड आँखों के लिए आरामदायक उत्पादकता के लिए LowBlue मोड। अध्ययनों ने दखिाया है कि जैसे पराबैंगनी करिणें आँखों की क्षतपिहुँचा सकती हैं, उसी प्रकार लघु तरंग वाली नीली करिणें समय के साथ-साथ आँख को क्षतपिहुँचा सकती हैं और दृषि्ट को प्रभावति कर सकती हैं। स्वास्थ्य के लिए वकिसति, Philips LowBlue मोड सेटगि नुकसानदेह लघु तरंग वाली नीली रोशनी को कम करने के लिए एक स्मार्ट सॉफ़्टवेयर तकनीक का उपयोग करती है।
- **EasyRead:** PDF ईबुक्स जैसे पाठ आधारति एप्लकिेशन को पढ़ना बेहतर करता है। पाठ्य सामग्री का कंट्रास्ट और सीमा सूपष्टता बढ़ाने वाले वशिेष एल्गोरदि्म का उपयोग करके, मॉनीटर की चमक, कंट्रास्ट और रंग तापमान समायोजति करते हुए डसि्प्ले को तनाव-मुकत पठन के लिए ऑपि्टमाइज़ कयिा जाता है।
- **बंद (Off):** SmartImage GAME द्वारा कोई इषि्टतमीकरण नहीं।

इस डिस्प्ले को कनेक्टेड डिवाइस से HDR सिग्नल प्राप्त हो जाने पर, एक तस्वीर मोड चुनें जो आपकी जरूरतों के सबसे अनुकूल हो।

जब मॉनीटर को HDR सिग्नल प्राप्त होता है, तो SmartImage HDR मेनू प्रदर्शित करेगा। अनेक चयन उपलब्ध हैं: HDR Vivid, HDR मूवी, निजी, और बंद।



- **HDR Vivid:** सटीक विज़ुअल्स के लिए लाल, हरा और नीला को बेहतर करता है।
- **HDR Movie (HDR मूवी):** HDR मूवी देखने के लिए आदर्श सेटिंग। अधिक सजीव और इमर्सिव व्यूइंग एक्सपीरिएंस के लिए बेहतर कंट्रास्ट और चमक प्रदान करता है।
- **Personal (निजी):** पिक्चर मेनू में उपलब्ध सेटिंग्स को कस्टमाइज़ करें
- **Off (बंद):** SmartImage HDR द्वारा कोई ऑप्टिमाइज़ेशन नहीं।

ध्यान दें

HDR फ़ंक्शन को बंद करने के लिए, कृपया इनपुट डिवाइस और इसकी सामग्री से अक्षम करें। इनपुट डिवाइस और मॉनीटर के बीच असंगत HDR सेटिंग्स के कारण छवियाँ असंतोषजनक हो सकती हैं।

3.2 SmartContrast

1 यह क्या है?

एक अनूठी तकनीक जो प्रदर्शित सामग्री का डायनेमिक रूप से विश्लेषण करती है और अधिकतम दृश्यमान स्पष्टता और देखने के आनंद को बेहतर करने के लिए स्वतः ही LCD मॉनीटर के कंट्रॉस्ट अनुपात को अनुकूलित कर देती है, अधिक साफ़, स्पष्ट, और चमकदार छवियों के लिए बैकलाइट बढ़ा देती है या गहरी पृष्ठभूमि वाली छवियों के स्पष्ट प्रदर्शन के लिए बैकलाइट कम कर देती है।

2 मुझे इसकी जरुरत क्यों है?

आप प्रत्येक प्रकार की सामग्री के लिए सबसे अधिक दृश्यमान स्पष्टता और देखने में आराम चाहते हैं। SmartContrast साफ़, स्पष्ट, चमकदार गेमिंग और वीडियो छवियों के लिए या ऑफ़िस के कार्यों के लिए स्पष्ट, पठन योग्य पाठ प्रदर्शित करने के लिए डायनेमिक रूप से कंट्रास्ट नियंत्रित करता है और बैकलाइट को समायोजित करता है। अपने मॉनीटर की बिजली खपत कम करके, आप बिजली के ख़र्चे को कम करते हैं और अपने मॉनीटर के जीवनकाल में वृद्धि करते हैं।

3 यह कैसे कार्य करता है?

जब आप SmartContrast को सक्रिय करते हैं, यह आपके द्वारा प्रदर्शित हो रही सामग्री का रियल टाइम में विश्लेषण करेगा तथा रंगों को समायोजित और बैकलाइट की तीव्रता को नियंत्रित करेगा। यह फ़ंक्शन वीडियो देखते समय या गेम खेलते समय सर्वश्रेष्ठ मनोरंजन अनुभव के लिए कंट्रास्ट को डायनेमिक रूप से बेहतर करेगा।

4. Adaptive Sync

Adaptive Sync

पीसी गेमिंग काफी समय से अधूरा अनुभव रहा है क्योंकि GPU और मॉनीटर अलग-अलग दर से अपडेट होते हैं। कई बार मॉनीटर के एक ही बार अपडेट होने के दौरान GPU अनेक नए चित्र प्रस्तुत कर सकता है, और मॉनीटर प्रत्येक चित्र के टुकड़ों को एक छवि के रूप में दिखाएगा। इसे "टियरिंग" कहा जाता है। गेमर्स "वी-सिंक" नामक सुविधा के साथ टियरिंग को ठीक कर सकते हैं लेकिन छवि झिटकेदार दिख सकती है क्योंकि GPU, नए चित्र डिलीवर करने से पहले मॉनीटर द्वारा अपडेट की मांग करने तक प्रतीक्षा करता है।

वी-सिंक से माउस इनपुट की अनुक्रियाशीलता और कुल फ़्रेम प्रति सेकेंड भी घट जाते हैं। AMD Adaptive Sync™ तकनीक, GPU को नया चित्र तैयार होते ही मॉनीटर अपडेट करने देकर इन सभी समस्याओं को समाप्त करती है, जिससे गेमर्स को अविश्वसनीय रूप से निर्विघ्न, प्रतिक्रियाशील, टियरिंग-मुक्त गेम मिलते हैं।

जिसके बाद ग्राफ़िक कार्ड आते हैं जो अनुकूल होते हैं।

ऑपरेटिंग सिस्टम

Windows 11/10

ग्राफ़िक कार्ड: R9 290/300 सीरीज़ और R7 260 सीरीज़

AMD Radeon R9 300 सीरीज़

AMD Radeon R9 Fury X

AMD Radeon R9 360

AMD Radeon R7 360

AMD Radeon R9 295X2

AMD Radeon R9 290X

AMD Radeon R9 290

AMD Radeon R9 285

AMD Radeon R7 260X

AMD Radeon R7 260

प्रोसेसर ए-सीरीज़ डेस्कटॉप और मोबिलिटी APU

AMD A10-7890K

AMD A10-7870K

AMD A10-7850K

AMD A10-7800

AMD A10-7700K

AMD A8-7670K

AMD A8-7650K

AMD A8-7600

AMD A6-7400K

5. HDR

Windows 11/10 सिस्टम में HDR सेटिंग्स।

चरण

1. डेस्कटॉप पर दायाँ क्लिक करें, फिर डिस्प्ले सेटिंग्स में प्रवेश करें।
2. डिस्प्ले/मॉनीटर चुनें।
3. अपने डिस्प्लेज़ को पुनः व्यवस्थित करें के अंतर्गत एक HDR-सक्षम डिस्प्ले को चुनें।
4. Windows HD रंग सेटिंग्स चुनें।
5. SDR कंटेंट के लिए चमक समायोजित करें।

ध्यान दें

Windows 11/10 संस्करण आवश्यक है; हमेशा नवीनतम अपडेटेड संस्करण में अपडेट करें।

नीचे मौजूद लिंक माइक्रोसॉफ़्ट आधिकारिक वेबसाइट से और अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए है।

https://support.microsoft.com/en-au/help/4040263/windows-10-hdr-advanced-color-settings





ध्यान दें

HDR फ़ंक्शन को बंद करने के लिए, कृपया इनपुट डिवाइस और इसकी सामग्री से अक्षम करें। इनपुट डिवाइस और मॉनीटर के बीच असंगत HDR सेटिंग्स के कारण छवियाँ असंतोषजनक हो सकती हैं।

6. तकनीकी वविरण

चत्रि/डसि्प्ले			
मॉनीटर पैनल प्रकार	IPS Technology		
बैकलाइट	W-LED सिस्टम		
पैनल आकार	27” W (68.6 cm)		
अभमिुखता अनुपात	16:9		
पक्सिेल पचि	0.2331(H)ममिी x0.2331(V) ममिी		
Contrast Ratio (typ.)	1500:1		
नेटवि रेज़ॉल्युशन	2560 x 1440 @ 60 Hz		
अधकितम रेज़ॉल्युशन	2560 x 1440 @ 120Hz		
प्रदर्शन कोण	178° (H) / 178° (V) @ C/R > 10 (प्रकार)		
चत्रि एन्हांसमेंट	SmartImage		
झलिमलिाहट से मुक्त	जी हाँ		
डसि्प्ले रंग	16.7M (8 bits)		
लंबवत रफ़्रिेश दर	48 Hz - 120 Hz		
क्षैतजि आवृत्तर	30 KHz - 190 KHz		
sRGB	जी हाँ		
LowBlue Mode	जी हाँ		
EasyRead	जी हाँ		
HDR	जी हाँ		
Adaptive Sync	जी हाँ		
कनेक्टविटिी			
सग्निल इनपुट स्रोत	1 x HDMI 2.0 (HDCP 1.4, HDCP 2.2) 1 x DisplayPort 1.4 (HDCP 1.4, HDCP 2.2)		
इनपुट सग्निल	अलग-अलग सकि		

सुवधिा	
OSD भाषाएँ	अंग्रेजी, जर्मन, स्पेनशि, यूनानी, फ़्रांससिी, इतालवी, हंगेरयिाई, डच, पुर्तगाली, ब्राजीलयिाई पुर्तगाली, पोलशि, रूसी, स्वीडशि, फ़नशि, तुर्की, चेक, यूक्रेनयिाई, सरलीकृत चीनी, पारंपरकि चीनी, जापानी, कोरयिाई
अन्य सुवधिा	केसग्टिन लॉक, VESA mount (100 x 100mm)
प्लग एंड प्ले अनुकूलता	DDC/CI, Mac OSX, sRGB, Windows 11/10
स्टैंड	
झुकाना	-5° / +20°

पावर			
खपत	100 V AC, 60 Hz पर AC इनपुट वोल्टेज	115 V AC, 60Hz पर AC इनपुट वोल्टेज	230 V AC, 50 Hz पर AC इनपुट वोल्टेज

सामान्य प्रचालन	23.0 W (प्रकार)	23.0 W (प्रकार)	23.2 W (प्रकार)
स्लीप (स्टैंडबाई मोड)	0.5 W (प्रकार)	0.5 W (प्रकार)	0.5 W (प्रकार)
ऑफ़ मोड	0.3 W (प्रकार)	0.3 W (प्रकार)	0.3 W (प्रकार)
उष्मा अपव्यय*	100 V AC, 60 Hz पर AC इनपुट वोल्टेज	115 V AC, 60Hz पर AC इनपुट वोल्टेज	230 V AC, 50 Hz पर AC इनपुट वोल्टेज
सामान्य प्रचालन	78.5 BTU/hr (प्रकार)	78.5 BTU/hr (प्रकार)	79.2 BTU/hr (प्रकार)
स्लीप (स्टैंडबाई मोड)	1.71 BTU/hr (प्रकार)	1.71 BTU/hr (प्रकार)	1.71 BTU/hr (प्रकार)
ऑफ़ मोड	1.02 BTU/hr (प्रकार)	1.02 BTU/hr (प्रकार)	1.02 BTU/hr (प्रकार)
पावर LED संकेतक	ऑन मोड: सफेद, स्टैंडबाई/स्लीप मोड: सफेद (टमिटमाना)		
पावर आपूर्ति	बाह्य, 100-240VAC, 50/60Hz		

परिमाप	
स्टैंड के साथ उत्पाद (WxHxD)	616 x 454 x 200 मिमी
बिना स्टैंड के उत्पाद (WxHxD)	616 x 359 x 33 मिमी
पैकेजिंग सहित उत्पाद (WxHxD)	690 x 480 x 124 मिमी
भार	
स्टैंड के साथ उत्पाद	3.22 किग्रा
बिना स्टैंड के उत्पाद	2.85 किग्रा
पैकेजिंग सहित उत्पाद	5.56 किग्रा

संचालन स्थिति	
तापमान सीमा (संचालन)	0°C से 40°C
सापेक्षिक नमी (प्रचालन)	20% से 80%
वायुमंडलीय दबाव (प्रचालन)	700 से 1060hPa
तापमान सीमा (गैर-प्रचालन)	-20°C से 60°C
सापेक्षिक नमी (गैर-प्रचालन)	10% से 90%
वायुमंडलीय दबाव (गैर-प्रचालन)	500 से 1060hPa

पर्यावरण और ऊर्जा	
RoHS	हां
पैकेजिंग	100% रिसाइक्लेबल
विशिष्ट हिस्से	100% पीवीसी बीएफआर मुक्त आवास
कैबिनेट	
रंग	काला
फ़िनिश	बनावट

नोट

यह डेटा बिना सूचना के परिवर्तित किया जा सकता है। पत्रक के नवीनतम वर्ज़न को डाउनलोड करने के लिए www.philips.com/support पर जाएं।

6.1 रेज़ॉल्युशन एवं प्रीसेट मोड

H. freq (kHz)	रेज़ॉल्युशन	V. freq (Hz)
31.47	720 x 400	70.09
31.47	640 x 480	59.94
35.00	640 x 480	66.67
37.86	640 x 480	72.81
37.50	640 x 480	75.00
35.16	800 x 600	56.25
37.88	800 x 600	60.32
46.88	800 x 600	75.00
48.08	800 x 600	72.19
47.73	832 x 624	74.55
48.36	1024 x 768	60.00
56.48	1024 x 768	70.07
60.02	1024 x 768	75.03
44.77	1280 x 720	59.86
60	1280 x 960	60
63.89	1280 x 1024	60.02
79.98	1280 x 1024	75.03
55.94	1440 x 900	59.89
65.29	1680 x 1050	59.95
67.50	1920 x 1080	60.00
88.79	2560 x 1440	59.95
111.03	2560 x 1440	74.97
148.50	2560 x 1440	100.00
183.00	2560 x 1440	120.00

नोट

- कृपया ध्यान दें कि आपका डिस्प्ले 2560 x 1440 के नेटिव रिज़ॉल्यूशन के साथ सर्वश्रेष्ठ रूप से काम करता है। सर्वश्रेष्ठ आउटपुट प्रदर्शन के लिए, कृपया हमेशा सुनिश्चित करें कि आपका ग्राफ़िक कार्ड इस Philips डिस्प्ले का अधिकतम रेज़ॉल्युशन और रीफ़्रेश दर हासिल करने में सक्षम है।

7. ऊर्जा प्रबंधन

यदि आपके पीसी में VESA DPM अनुपालन वाला डिस्प्ले कार्ड या सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल है, तो मॉनीटर उपयोग नहीं होने के दौरान स्वचालित रूप से अपना बिजली खपत कम कर सकता है। यदि कीबोर्ड, माउस या अन्य इनपुट डिवाइस से इनपुट का पता चलता है, तो मॉनीटर स्वचालित रूप से 'जागृत' हो जाएगा। निम्नलिखित तालिका बिजली की खपत और इस स्वचालित बिजली बचत सुविधा के संकेत बताती है:

बिजली प्रबंधन परिभाषा					
VESA मोड	वीडियो	H-sync	V-sync	बिजली प्रयुक्त	LED रंग
सक्रिय	ऑन	जी हाँ	जी हाँ	23.0 W (प्रकार) 34.5 W (अधिकतम)	सफेद
स्लीप (स्टैंडबाई मोड)	ऑफ़	नहीं	नहीं	0.5 W (प्रकार)	सफेद (टिमटिमाना)
ऑफ़ मोड	ऑफ़	-	-	0.3 W (प्रकार)	ऑफ़

निम्नलिखित सेटअप का उपयोग इस मॉनीटर पर बिजली की खपत मापने के लिए किया जाता है।

- मूल स्क्रीन रेज़ॉल्यूशन: 2560 x 1440
- कंट्रास्ट: 50%
- चमक: 80%
- रंग तापमान: 6500k पूर्ण सफेद पैट्र्न के साथ

नोट

यह डेटा बगैर सूचना परिवर्तन के अधीन है।

8. ग्राहक सेवा और वारंटी

8.1 Philips की फ़्लैट पैनल मॉनीटर पिक्सेल खराबी नीति

Philips उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने का प्रयास करता है। हम इंडस्ट्री के सबसे उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं का उपयोग करते हैं और कठोर गुणवत्ता नियंत्रण पद्धतियों का पालन करते हैं। हालाँकि, फ़्लैट पैनल मॉनीटर में प्रयुक्त TFT मॉनीटर पैनलों पर पिक्सेल या सब पिक्सेल त्रुटियाँ कई बार अपरिहार्य होती हैं। कोई निर्माता यह गारंटी नहीं दे सकता है कि सभी पैनल पिक्सेल के दोष से मुक्त होंगे, लेकिन Philips गारंटी देता है कि कोई भी मॉनीटर जिसमें अस्वीकार्य संख्या में दोष होगा उसे वारंटी के अंतर्गत मरम्मत किया जाएगा या बदल दिया जाएगा। यह सूचना विभिन्न प्रकार के पिक्सेल दोषों का वर्णन करता है और प्रत्येक प्रकार के लिए स्वीकार्य त्रुटि स्तर निर्धारित करता है। वारंटी के अंतर्गत मरम्मत या प्रतिस्थापन के योग्य होने के लिए, TFT मॉनीटर पैनल में पिक्सेल दोषों की संख्या इन स्वीकार्य स्तरों से अधिक होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, मॉनीटर पर 0.0004% से अधिक उप-पिक्सेल दोषपूर्ण नहीं होने चाहिए। इसके अतिरिक्त, Philips पिक्सेल दोषों के विशिष्ट प्रकार या संयोजनों के लिए अधिक उच्च गुणवत्ता मानक तय करता है जो कि अन्यों के मुकाबले अधिक सुस्पष्ट होते हैं। यह नीति पूरे विश्व में मान्य है।



पिक्सेल और उप-पिक्सेल

एक पिक्सेल, या चित्र का अंश, लाल, हरा और नीले प्राथमिक रंगों वाले तीन उप-पिक्सेलों से बना होता है। कई पिक्सेल साथ मिलकर एक छवि बनाते हैं। जब किसी पिक्सेल के सभी उप-पिक्सेल प्रकाशमान होते हैं, तो तीनों रंगीन उप-पिक्सेल साथ मिलकर एक सफेद पिक्सेल के रूप में दिखाई देते हैं। जब सभी अंधकारमय होते हैं, तो तीनों रंगीन उप-पिक्सेल मिलकर एक काले पिक्सेल के रूप में दिखाई देते हैं। प्रकाशमान और अंधकारमय उप-पिक्सेल के अन्य संयोजन अन्य रंगों के एक पिक्सेल के रूप में दिखाई देते हैं।

पिक्सेल दोषों के प्रकार

पिक्सेल और उप-पिक्सेल के दोष स्क्रीन पर विभिन्न तरीकों से प्रकट होते हैं। पिक्सेल दोषों के दो वर्ग होते हैं और प्रत्येक वर्ग के भीतर कई प्रकार के उप-पिक्सेल दोष होते हैं।

चमकदार बिंदु दोष

चमकदार बिंदु दोष ऐसे पिक्सेल या उप-पिक्सेल के रूप में प्रकट होते हैं जो हमेशा प्रकाशमान या 'ऑन' रहते हैं। अर्थात्, एक चमकदार बिंदु एक उप-पिक्सेल होता है जो मॉनीटर के अंधकारमय पैटर्न को प्रदर्शित करने पर स्क्रीन में अलग से दिखाई देता है। चमकदार बिंदु दोष कई प्रकार के होते हैं।



एक लाल, हरा या नीला प्रकाशमान उप-पिक्सेल।



दो आसन्न प्रकाशमान उप-पिक्सेल:

- लाल + नीला = जामुनी
- लाल + हरा = पीला
- हरा + नीला = हरनील (हल्का नीला)



तीन आसन्न प्रकाशमान उप-पिक्सेल (एक सफेद पिक्सेल)।

नोट

एक लाल या नीले चमकदार बिंदु को समीप के बिंदुओं से 50 प्रतिशत अधिक चमकदार होना चाहिए जबकि हरे चमकीले बिंदु को समीप के बिंदु से 30 प्रतिशत अधिक चमकदार होना चाहिए।

काला बिंदु दोष

काला बिंदु दोष ऐसे पिक्सेल या उप-पिक्सेल के रूप में प्रकट होता है जो कि हमेशा अंधकारमय या 'ऑफ़' रहता है। अर्थात्, एक काला बिंदु एक ऐसा उप-पिक्सेल होता है जो मॉनीटर के हल्के रंग के पैटर्न को प्रदर्शित करने पर स्क्रीन में अलग से दिखाई देता है। काला बिंदु दोष कई प्रकार के होते हैं।



पिक्सेल दोषों की निकटता

चूँकि एक दूसरे के समीप मौजूद समान प्रकार के पिक्सेल और उप-पिक्सेल दोष अधिक सुस्पष्ट दिखाई देते हैं, Philips पिक्सेल दोषों की निकटता के लिए टॉलरेंस भी निर्दिष्ट करता है।



पिक्सेल दोष टॉलरेंस

वारंटी अवधि के दौरान पिक्सेल दोष के कारण मरम्मत या प्रतिस्थापन योग्य होने के लिए, Philips फ्लैट पैनल मॉनीटर के TFT मॉनीटर पैनल में पिक्सेल या उप-पिक्सेल दोष निम्नलिखित तालिका में सूचीबद्ध टॉलरेंस से अधिक होना चाहिए।

चमकदार बिंदु दोष	स्वीकार्य स्तर
1 प्रकाशमान उप-पिक्सेल	2 या उससे कम
2 आसन्न उप-पिक्सेल	1 या उससे कम
3 आसन्न प्रकाशमान उप-पिक्सेल (एक सफेद पिक्सेल)	0 या उससे कम
दो चमकदार बिंदु दोषों के बीच की दूरी*	>15मिमी
सभी प्रकार के कुल चमकदार बिंदु दोष	2 या उससे कम

काला बिंदु दोष	स्वीकार्य स्तर
1 अंधकारमय उप-पिक्सेल	3 या उससे कम
2 आसन्न अंधकारमय उप-पिक्सेल	2 या उससे कम
3 आसन्न अंधकारमय उप-पिक्सेल	0 या उससे कम
दो काले बिंदु दोषों के बीच की दूरी*	>15मिमी
सभी प्रकार के कुल काले बिंदु दोष	3 या उससे कम

कुल बिंदु दोष	स्वीकार्य स्तर
सभी प्रकार के कुल चमकदार या काले बिंदु दोष	5 या उससे कम

नोट

1 या 2 आसपास के सब पिक्सेल में दोष = 1 डॉट दोष।

8.2 ग्राहक सेवा एवं वारंटी

आपके क्षेत्र के लिए मान्य वारंटी कवरेज जानकारी और अतिरिक्त सहायता आवश्यकता के लिए, कृपया अधिक विवरण के लिए www.philips.com/support वेबसाइट पर जाएँ या अपने स्थानीय Philips ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें।

वारंटी अवधि के लिए कृपया महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में वारंटी कथन देखें।

विस्तारित वारंटी के लिए, यदि आप अपनी सामान्य वारंटी अवधी बढाना चाहते हैं, तो एक वारंटी से बाहर सेवा पैकेज प्रमाणित सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑफ़र की जाती है।

यदि आप इस सेवा का उपयोग करना चाहते हैं, तो कृपया अपनी मूल खरीदारी तिथि के 30 कैलेंडर दिनों के भीतर सेवा खरीदना सुनिश्चित करें। विस्तारित वारंटी अवधि के दौरान, सेवा में पिकअप, मरम्मत और वापसी सेवा शामिल होती है, हालाँकि सभी खर्चों के लिए उपयोगकर्ता जिम्मेदार होगा।

यदि प्रमाणित सेवा पार्टनर ऑफ़र किए गए विस्तारित वारंटी के अंतर्गत अपेक्षित मरम्मतों को पूरा कर पाने में असमर्थ हो, तो हम आपको आपके द्वारा खरीदी गई विस्तारित वारंटी अवधि तक वैकल्पिक समाधान, यदि संभव हो तो, प्रदान करेंगे।

कृपया अधिक विवरण के लिए Philips ग्राहक सेवा प्रतिनिधि या स्थानीय संपर्क केंद्र (उपभोक्ता देखभाल नंबर द्वारा) से संपर्क करें।

Philips ग्राहक देखभाल केंद्र के नंबर नीचे दी गए हैं।

स्थानीय मानक वारंटी अवधि	विस्तारित वारंटी अवधि	कुल वारंटी अवधि
विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित	+ 1 वर्ष	स्थानीय मानक वारंटी अवधि +1
	+ 2 वर्ष	स्थानीय मानक वारंटी अवधि +2
	+ 3 वर्ष	स्थानीय मानक वारंटी अवधि +3

**मूल खरीदारी और विस्तारित वारंटी खरीदारी का प्रमाणपत्र आवश्यक है।

नोट

कृपया क्षेत्रीय सेवा हॉटलाइन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मैनुअल देखें, जो कि Philips वेबसाइट समर्थन पृष्ठ पर उपलब्ध है।.

9. त्रुटि निवारण और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

9.1 त्रुटि निवारण

यह पृष्ठ उन समस्याओं को संबोधित करता है जिसे उपयोगकर्ता सुधार सकते हैं। इन समाधानों को आजमाने के बाद भी यदि समस्या बरकरार रहती है, तो Philips के ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से संपर्क करें।

1 सामान्य समस्याएँ

कोई चित्र नहीं (पावर LED प्रकाशित नहीं)

- सुनिश्चित करें कि पावर कोर्ड पावर आउटलेट में और मॉनीटर के पीछे की तरफ लगा हो।
- सहले सुनिश्चित करें कि मॉनिटर के आगे की तरफ़ का बिजली का बटन बंद की अवस्था में है उसके बाद इसे दबा कर चालू की अवस्था में लाएं।

कोई चित्र नहीं (पावर LED सफेद है)

- सुनिश्चित करें कि कंप्यूटर ऑन है।
- सुनिश्चित करें कि सिग्नल केबल आपके कंप्यूटर से ठीक प्रकार से कनेक्ट है।
- सुनिश्चित करें कि मॉनीटर के केबल के कनेक्ट होने वाले सिरे में कोई पिन मुडा नहीं है। यदि है, तो केबल की मरम्मत करें या उसे बदलें।
- ऊर्जा बचत सुविधा सक्रिय हो सकती है।

स्क्रीन बताता है



- सुनिश्चित करें कि मॉनीटर का केबल कंप्यूटर से ठीक प्रकार से कनेक्ट है। (त्वरित आरंभ मार्गदर्शिका भी देखें)।
- देखें कि क्या मॉनीटर के केबल के पिन मुड़े हैं।
- सुनिश्चित करें कि कंप्यूटर ऑन है।

ऑटो बटन कार्य नहीं कर रहा है।

- ऑटो फ़ंक्शन केवल VGA-एनालॉग मोड में ही लागू होता है। यदि परिणाम संतोषजनक नहीं है, तो आप OSD मेनू द्वारा मैन्युअल समायोजन कर सकते हैं।

नोट

ऑटो फ़ंक्शन DVI-डिजिटिल मोड में लागू नहीं होता क्योंकि यह जरूरी नहीं है।

धुएँ या चिनगारी के स्पष्ट संकेत।

- कोई भी समस्या निवारण चरण क्रियान्वित नहीं करें।
- सुरक्षा के लिए मॉनीटर को मुख्य पावर स्रोत से तत्काल डिस्कनेक्ट कर दें।
- Philips ग्राहक सेवा प्रतिनिधि से तुरंत संपर्क करें।

2 छवि समस्याएँ

छवि केंद्र में नहीं है

- OSD मुख्य नियंत्रण में "ऑटो" फ़ंक्शन का उपयोग करके छवि की स्थिति समायोजित करें।
- OSD मुख्य नियंत्रण में सेटअप के चरण/घड़ी का उपयोग करके छवि की स्थिति समायोजित करें। यह केवल VGA मोड में ही मान्य है।

स्क्रीन पर छवि में कंपन होता है

- जाँचे कि सिग्नल केबल ग्राफ़िक बोर्ड या कंप्यूटर से ठीक प्रकार से कनेक्ट है।

लंबवत रूप से झिलमिलाहट होती है

- OSD मुख्य नियंत्रण में "ऑटो" फ़ंक्शन का उपयोग करके छवि समायोजित करें।
- OSD मुख्य नियंत्रण में सेटअप के चरण/घड़ी का उपयोग करके लंबवत पट्टियों को समाप्त करें। यह केवल VGA मोड में ही मान्य है।

क्षैतिज रूप से झिलमिलाहट होती है

- OSD मुख्य नियंत्रण में "ऑटो" फ़ंक्शन का उपयोग करके छवि समायोजित करें।
- OSD मुख्य नियंत्रण में सेटअप के चरण/घड़ी का उपयोग करके लंबवत पट्टियों को समाप्त करें। यह केवल VGA मोड में ही मान्य है।

छवि धुंधली, अस्पष्ट या बहुत गहरी दिखाई देती है

- स्क्रीन-स्थिति डिस्प्ले पर कंट्रास्ट और चमक समायोजित करें।

"आफ्टर-इमेज", "बर्न-इन", या "घोस्ट इमेज", पॉवर बंद किए जाने के बाद भी रहते हैं।

- आपके स्क्रीन पर, स्थिर या स्थैतिक छवियों के लंबे समय तक अबाधित प्रदर्शन के परिणामस्वरूप "बर्न इन" हो सकता है, जिसे

"आफ़्टर-इमेंजगि" या "घोस्ट इमेंजगि" के नाम से भी जाना जाता है। "बर्न-इन", "आफ़्टर-इमेजगि", या "घोस्ट इमेजगि" LCD पैनल तकनीक का जाना-माना तथ्य है। अधिकतर मामलों में, "बर्न्ड इन" या "आफ़्टर-इमेजगि" या "घोस्ट इमेजगि" पावर के बंद करने पर कुछ समय के बाद धीरे-धीरे गायब हो जाएगी।

- जब भी आप मॉनीटर को खाली छोड़ें हमेशा एक गतशिील स्क्रीन सेवर सक्रयि करें।
- यदि आपका LCD मॉनीटर अपरविर्तनीय स्थैतकि सामग्री प्रदर्शति करेगा तो हमेशा आवधकि स्क्रीन रफ़्रिेश एप्लकिेशन सक्रयि करें।
- एक स्क्रीन सेवर को सक्रयि करने में वफिल या पीरयिडकि स्क्रीन रफ़्रिेश एप्लीकेशन सर्वर में "बर्न-इन" या "आफ्टर – इमेज" या "घोस्ट इमेज" लक्षण नतीजे में मलिते हैं जो गायब नहीं हो सकते हैं और जनि्हें सुधारा नहीं जा सकता। उपर्युक्त उल्लखिति क्षत आपकी वारंटी के अधीन नहीं आती है।

छवि विकृत प्रकट होती है। पाठ अस्पष्ट या धुँधला है।

- कंप्यूटर के डस्प्लि रेज़ॉल्युशन को मॉनीटर के अनुशंसति मूल स्क्रीन रेज़ॉल्युशन के मोड पर सेट करें।

हरे, लाल, नीले, गहरे, और सफेद बदिु स्क्रीन पर प्रकट होते हैं

- शेष बदिु आज की तकनीक में उपयोग होने वाले तरल क्रस्टिल की सामान्य वशिेषता हैं, कृपया अधकि जानकारी के लिए पक्सिेल नीति देखें।

*** "पावर ऑन" प्रकाश बहुत तेज़ है और तकलीफ़देह है**

- आप OSD मुख्य नयिंत्रण में पावर LED सेटअप का उपयोग करके "पावर ऑन" लाइट समायोजति कर सकते हैं।

आगे की सहायता के लिए, महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल में सूचीबद्ध सेवा संपर्क जानकारी देखें और Philips ग्राहक सेवा प्रतनिधि से संपर्क करें।

* डस्प्लि के अनुसार कार्यात्मकता अलग होती है।

9.2 अक्सर पूछे जाने वाले सामान्य प्रश्न

प्रश्न 1: जब मैं मॉनीटर इंस्टॉल करता हूँ तो यदि स्क्रीन पर 'इस वीडियो मोड को प्रदर्शति नहीं कर सकते' दखिे तो मुझे क्या करना चाहिए?

उत्तर : इस मॉनीटर के लिए अनुशंसति रेज़ॉल्युशन: 2560 x 1440.

- सभी केबल नकिालें, फरि अपने कंप्यूटर को उस मॉनीटर से कनेक्ट करें जसिे आप पहले उपयोग कर चुके हैं।
- Windows आरंभ मेनू मे सेटगि/नयिंत्रण पैनल चुनें। नयिंत्रण पैनल वडिो में, डस्प्लि आइकन चुनें। डस्प्लि नयिंत्रण पैनल के भीतर, 'सेटगि' टैब चुनें। सेटगि टैब के अंतर्गत, 'डेस्कटॉप क्षेत्र' लेबल वाले बॉक्स में,साइडबार को 2560 x 1440 पक्सिेल तक ले जाएँ।
- 'उन्नत गुण' खोलें और रफ़्रिेश दर को 60Hz पर सेट करें, फरि ठीक क्लकि करें।
- अपने कंप्यूटर को पुनः आरंभ करें और यह सत्यापति करने के लिए चरण 2 और चरण 3 को दोहराएँ कि आपका कंप्यूटर 2560 x 1440 पर सेट है।
- कंप्यूटर को बंद करें, अपने पुराने मॉनीटर को डस्कनेक्ट करें और अपने Philips LCD मॉनीटर को पुनः कनेक्ट करें।
- अपने मॉनीटर को ऑन करें और फरि अपने कंप्यूटर को ऑन करें।

प्रश्न 2: LCD मॉनीटर के लिए अनुशंसति रफ़्रिेश दर क्या है?

उत्तर : LCD मॉनीटर में अनुशंसति रफ़्रिेश दर 60Hz है, स्क्रीन पर कसिी बाधा की स्थति में, आप इसे 75Hz तक पर सेट करके यह देख सकते हैं कि बाधा हटती है या नहीं।

प्रश्न 3: .inf और .icm फाइलें क्या हैं? मैं ड्राइवरों (.inf और .icm) को कैसे स्थापित कर सकता हूं?

उत्तर : ये आपके मॉनीटर के लिए ड्राइवर फाइलें हैं। जब आप पहली बार अपना मॉनीटर इंस्टॉल कर रहे होते हैं तो आपका कंप्यूटर मॉनीटर ड्राइवर्स (.inf और .icm फाइलें) की माँग कर सकता है। अपने उपयोगकर्ता मैन्युअल में दिए नर्दिेशों का पालन करें, मॉनीटर ड्राइवर्स (.inf और .icm फाइलें) स्वतः इंस्टॉल हो जाएँगी।

प्रश्न 4: मैं रेज़ॉल्युशन को कैसे समायोजति करुँ?

उत्तर : आपका वीडियो कार्ड/ग्राफ़कि ड्राइवर और मॉनीटर एक साथ मलिकर उपलब्ध रेज़ॉल्युशन नर्धिारति करते हैं। आप वांछति रेज़ॉल्युशन Windows® कंट्रोल पैनल के अंतर्गत "डस्प्लि प्रॉपर्टीज़" में चुन सकते हैं।

प्रश्न 5: यदि मैं OSD के माध्यम से मॉनीटर का समायोजन करते समय भ्रमति हो जाउँ तो क्या करुँ?

उत्तर : बस **ओके** बटन दबाएं, उसके बाद ☰/OK फैक्टरी की सभी मूल सेटिंग्स को वापस लाने के लिए'Setup' > 'Reset' चुनें।

प्रश्न 6: क्या LCD स्क्रीन खरोंच रोधी है?

उत्तर : सामान्य रूप में यह अनुशंसति है कि पैनल की सतह पर अत्यधकि झटका न लगे और इसे नुकीले या कुंद वस्तुओं से बचा कर रखा जाए। मॉनीटर का उपयोग करते समय, सुनश्चिति करें कि पैनल की सतह की तरफ कोई दबाव या बल न लगा हो। यह आपकी वारंटी की स्थतियिों को प्रभावति कर सकता है।

प्रश्न 7: मैं LCD सतह को कैसे साफ़ करुँ?

उत्तर : सामान्य सफाई के लिए, एक साफ, मुलायम कपड़े का उपयोग करें। व्यापक सफाई के लिए, कृपया आइसोप्रोपाइल अल्कोहल का उपयोग करें। एथाइल अल्कोहल, इथेनॉल, एसीटोन, हेक्सेन इत्यादि जैसे अन्य सॉल्वैंट्स का प्रयोग न करें।

प्रश्न 8: क्या मैं अपने मॉनीटर का रंग सेटिंग बदल सकता हूँ?

उत्तर : हाँ, आप OSD नियंत्रण के माध्यम से निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा अपने रंग सेटिंग को बदल सकते हैं,

- ओएसजी (ऑन स्क्रीन डिसप्ले) मेन्यू दर्शाने के लिए ''ओके'' दबाएं
- ''कलर'' का विकल्प चुनने के लिए ''डाउन ऐरो'' दबाएं उसके बाद कलर सेटिंग दर्ज करने के लिए नीचे बताए अनुसार तीन सेटिंग्स होती हैं।
  1. रंग तापमान; 6500K रेंज में सेटिंग के साथ पैनल "गर्म, लाल-सफेद रंग टोन के साथ" दिखाई देता है, जबकि 9300K तापमान मान "ठंडा, नीला-सफेद टोन" प्रदान करता है।
  2. sRGB; यह विभिन्न उपकरणों (जैसे डिजिटल कैमरे, मॉनीटर, प्रिंटर, स्कैनर, आदि) के बीच रंगों का सही आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए एक मानक सेटिंग है
  3. उपयोगकर्ता परिभाषित; उपयोगकर्ता लाल, हरे नीले रंग को समायोजित करके अपनी पसंदीदी रंग सेटिंग चुन सकते हैं।

नोट

किसी वस्तु से निकलने पर प्रकाश के रंग का माप जबकि वह गर्म हो रहा हो। यह माप पूर्ण पैमाने (डिग्री केल्विन) के रूप में व्यक्त किया जाता है। निम्न केल्विन तापमान जैसे कि 2004K लाल होते हैं; उच्च तापमान जैसे कि 9300K नीले होते हैं। तटस्थ तापमान, 6504K पर, सफेद होता है।

प्रश्न 9: क्या मैं अपने LCD मॉनीटर को अपने कंप्यूटर, वर्कस्टेशन या Mac से कनेक्ट कर सकता हूँ?

उत्तर : जी हाँ सभी Philips LCD मॉनीटर पूर्ण रूप से मानक कंप्यूटरों, Macs और वर्कस्टेशनों के अनुकूल होते हैं। मॉनीटर को अपने Mac सिस्टम से कनेक्ट करने के लिए आपको केबल अडैप्टर की आवश्यकता पड़ सकती है। कृपया अधिक जानकारी के लिए अपने Philips बिक्री प्रतिनिधि से संपर्क करें।

प्रश्न 10: क्या Philips LCD मॉनीटर प्लग-एंड-प्ले होते हैं?

उत्तर : जी हाँ, मॉनीटर Windows 11/10, Mac OSX के साथ प्लग-एंड-प्ले अनुकूल होते हैं।

प्रश्न 11: LCD पैनल में ईमेज स्टिकिंग, या ईमेज बर्न-इन या आफ़्टर ईमेज, या घोस्ट ईमेज क्या होता है?

उत्तर : आपके स्क्रीन पर स्थिर या स्थैतिक छवियों का लंबे समय तक लगातार प्रदर्शन के कारण "बर्न-इन" हो सकता है, इसे "आफ़्टर ईमेजिंग" या "घोस्ट ईमेजिंग" के नाम से भी जाना जाता है। "बर्न-इन", "आफ़्टर-इमेजिंग", या "घोस्ट इमेजिंग" LCD पैनल तकनीक का जाना-माना तथ्य है। अधिकतर मामलों में, "बर्न्ड इन" या "आफ़्टर-इमेजिंग" या "घोस्ट इमेजिंग" पावर के बंद करने के बाद धीरे-धीरे गायब हो जाएगा।

जब भी आप मॉनीटर को खाली छोड़ें हमेशा एक गतिशील स्क्रीन सेवर सक्रिय करें।

यदि आपका LCD मॉनीटर अपरिवर्तनीय स्थैतिक सामग्री प्रदर्शित करेगा तो हमेशा आवधिक स्क्रीन रिफ्रेश एप्लिकेशन सक्रिय करें।

चेतावनियाँ

गंभीर "बर्न-इन" या "आफ़्टर-इमेज" या "घोस्ट इमेज" लक्षण दिखाई नहीं देंगे और मरम्मत नहीं किए जा सकते हैं। उपर्युक्त उल्लिखित क्षति आपकी वारंटी के अधीन नहीं आती है।

प्रश्न 12: मेरा डिस्प्ले स्पष्ट पाठ क्यों नहीं दिखा रहा है, और दांतदार अक्षर क्यों दिखा रहा है?

उत्तर : आपका LCD मॉनीटर अपने 2560 x 1440 मूल रिज़ॉल्यूशन के साथ सर्वश्रेष्ठ रूप से काम करता है। सर्वोत्तम डिस्प्ले के लिए, कृपया इस रेज़ॉल्युशन का उपयोग करें।

प्रश्न 13: मैं अपना हॉट की कैसे अनलॉक/लॉक करुँ?

उत्तर : ह्स्ब लॉक करने के लिए, मॉनीटर बंद रहने के दौरान ☰/OK बटन को दबा कर रखें और फिर मॉनीटर चालू करने के लिए ⏻ बटन दबाएँ। ह्स्ब को अनलॉक करने के लिए, मॉनीटर बंद रहने के दौरान ☰/OK बटन को दबा कर रखें और फिर मॉनीटर चालू करने के लिए ⏻ बटन दबाएँ।



प्रश्न 14: मुझे EDFU में उल्लिखित महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल कहाँ मिल सकता है?

उत्तर: महत्वपूर्ण जानकारी मैन्युअल Philips वेबसाइट सहायता पृष्ठ से डाउनलोड किया जा सकता है।

2025 © TOP Victory Investments Ltd. सर्वाधिकार सुरक्षित।

इस उत्पाद का निर्माण और उसकी बिक्री Top Victory Investments Ltd के उत्तरदायित्व के अंतर्गत किया गया है, और Top Victory Investments Ltd. इस उत्पाद के संबंध में वारंटर है। Philips और Philips Shield Emblem, Koninklijke Philips N.V के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं और लाइसेंस के अंतर्गत उपयोग किए जाते हैं।

विनिर्देश बिना सूचना के परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं।